शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)
वार्षिक कार्यान्वयन प्रतिवेदन
(Annual Action Taken Report)
शैक्षणिक सत्र 2020–21

1. शैक्षणिक सत्र 2020–21 में IQAC की कुल 04 बैठक आयोजित की गई।
2. फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत श्री विनीत कुमार गुप्त सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) ने पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा आयोजित फैकल्टी इण्डक्शन प्रोग्राम (गुरुदक्षता) में सहभागिता की।
3. स्नातकोत्तर कक्षा के लिए विभागीय पुस्तकालय को विकसित किया गया।
4. शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिए IQAC की ओर से आंतरिक अकादमिक कैलेण्डर जारी किया गया।
5. शैक्षणिक सत्र 2019–20 का अकादमिक ऑडिट का कार्य पूर्ण कर लिया गया जिसमें उपयोगी सुझाव प्राप्त हुये।
6. महाविद्यालय के प्रयास से विश्वविद्यालय के द्वारा नैक के निर्धारित फोर्मेट में सम्बद्धता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।
7. AISHE के प्रमाण पत्र में महाविद्यालय के नाम में त्रुटि को सही करा लिया गया।
8. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रमाण पत्र 2(f) और 12(B) प्रमाण पत्रों में त्रुटि सुधार बावत पत्राचार किया गया।
9. बलरामपुर जिला खनिज न्यास संस्थान से स्वीकृत मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कार्य शुरु हुआ है जो शीघ्र ही पूरा हो जाएगा।
10. महाविद्यालय को ग्रीन कैम्पस के रुप में विकसित करने के लिए सतत पौधारोपण का कार्य किया गया है।
11. महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में कम्प्यूटर, प्रिन्टर और रिवोल्विंग चेयर क्रय कर उपलब्ध कराया गया।
12. महाविद्यालय में व्यायामशाला (Gym)को विकसित किया गया।
13. फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत श्री शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) और श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से FDP कार्यक्रम में सहभागिता की।
14. सत्र 2020–21 में Infibnet को सबस्क्राइब किया गया जिसका लाभ महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र–छात्राओं ने उठाया।
15. महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2020–21 में ICT का शिक्षण में अधिकतम उपयोग किया गया जिसके लिए गूगल मीट एवं जूम प्लेटफार्म का उपयोग किया गया।

16. महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक व आधारभूत संरचना में सुधार की दृष्टि से छात्रों का फीडबैक, पूर्व छात्रों के फीडबैक के साथ–साथ महाविद्यालय के शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ से फीडबैक लेकर विश्लेषित किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए ।
17. महाविद्यालय की एलुमनी समिति की बैठक आयोजित की गई।
18. महाविद्यालय में नैक प्रत्यायन की तैयारी हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया और जो तैयारी हेतु उपयोगी सिद्ध हुई।
19. महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण एवं लिंग समानता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
20. महाविद्यालय की NSS इकाई ओर से सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुये ग्राम कनकपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया।
21. महाविद्यालय का नैक प्रत्यायन कराने के क्रम में दिनांक 02 जून 2021 को IIQA सबमिट कर दिया गया और जिसकी स्वीकृति दिनांक 07 जून 2021 को प्राप्त हुयी। शीघ्र की महाविद्यालय का SSR निर्धारित समयावधि में सबमिट कर दिया जाएगा।

(विनीत कुमार गुप्त) 06.07.2021
सहायक प्राध्यापक
संयोजक
IQAC

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE C-9753

(डा0 आर0 बी0 सोनवानी)
प्राचार्य
शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज, जिला- बलरामपुर- रामानुजगंज(छ0ग0)